कोरोना की विपरीत परिस्थितियों के बाद भी... पृष्ठ 2 | बालोद पुलिस को मिली सफलता कोरगुड़ा... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 186, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर में शांति लाने के लिए निर्णायक कदम उठाए : जेपी नड्डा

**गुवाहाटी।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस बात पर जोर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोडोलैंड क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए अहम फैसले लिए, जैसे बोडो शांति समझौता, जिससे असम में आज चारों तरफ शांति का वातावरण है। नड्डा गुरुवार को कोकराझार में भाजपा की सहयोगी यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के लिए प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा, आज, पूरा बोडोलैंड क्षेत्र शांत है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोडोलैंड समझौते पर हस्ताक्षर किया। 1500 से ज्यादा प्रतिबंधित समूहों ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद अपने हथियार डाल दिए। पूर्वोत्तर में शांति स्थापित करने के मकसद से यह समझौता काफी अहम है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि पीएम मोदी ने बोडोलैंड इलाके में कम से कम 1500 करोड़ रुपये की सरकारी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर के विकास पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने पूर्वोत्तर को विकसित करने के मकसद से कई पहल किए हैं, जिसमें



राष्ट्रीय राजमार्ग और हवाई अड्डों का निर्माण शामिल है। ऐसा करके पूर्वोत्तर को मुख्य भारत से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नड्डा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने एक्ट ईस्ट पॉलिसी लागू की जिससे पूर्वोत्तर भारत में विकास की बयार बह रही है। उन्होंने पूर्वोत्तर में समृद्धि लाने के लिए कई सरकारी पहलों की रूपरेखा तैयार की है। इस बीच, बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि असम में कांग्रेस विभाजनकारी राजनीति में शामिल थी। देश की सर्वाधिक पुरानी पार्टी पूर्वोत्तर राज्य में शांति स्थापित करने में नाकाम रही। नड्डा ने कहा, हमने क्षेत्र के 70 प्रतिशत क्षेत्रों से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटा लिया है। यह पूर्वोत्तर में शांति लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नड्डा ने दावा किया कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तो भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पर्याप्त आर्थिक प्रगति देखने को मिल रही है। आगे भारत समस्त विश्व की अगुवाई करता हुआ दिखेगा। इस बीच, नड्डा ने सभी से नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जमकर मतदान करने की अपील की। विशेष रूप से, यूपीपीएल कोकराझार लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहा है, जहां 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होगा।

## सीएम विष्णुदेव साय का कांग्रेस पर करारा प्रहार, कहा- नक्सलियों के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस का खात्मा जरूरी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो टूक लहजे में कहा है कि नक्सलियों को शहीद बताने वाले, 29 नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने को फर्जी एनकाउंटर बताने वाले और मुठभेड़ की जांच की मांग करने वाले कांग्रेसी अब यह साफ-साफ जान लें कि बस्तर की जनता विकास की समर्थक है. सीएम साय ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया कि नक्सलियों के खात्मे के लिए कांग्रेस का खात्मा जरूरी है और इसकी शुरुआत बस्तर की जनता कल 19 अप्रैल को करने जा रही है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया कि कांकेर मुठभेड़ को लेकर जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं ने दिए हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि नक्सलियों को पाल-पोसकर संरक्षण देने का काम



कांग्रेस हमेशा करती रही है जो अब बस्तर की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी. नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के निर्दोष बेटों के खून से बस्तर की धरती को लाल किया है. सीएम साय ने कहा कि लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के सफाए के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है. प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बहुत जल्द छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद से मुक्त कराएगी. सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलियों के सबसे सुरक्षित किले में घुसकर एक साथ 29 नक्सलियों को मार गिराना ऐतिहासिक सफलता है. नक्सलियों पर की गई यह सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है.

## स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन यानी डीआरडीओ ने गुरुवार को एक और सफलता हासिल कर ली है। डीआरडीओ ने



ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज चांदीपुर से स्वदेशी प्रौद्योगिकी क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने एक बयान में बताया कि परीक्षण के दौरान सभी उपप्रणालियों ने अपेक्षा के मुताबिक प्रदर्शन किया। मिसाइल के परीक्षण के दौरान एकीकृत परीक्षण रेंज द्वारा अलग-अलग जगहों पर सेंसर तैनात थे, जिसमें रडार, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री ने मिसाइल को मॉनीटर किया। इसके अलावा क्रूज मिसाइल परीक्षण की निगरानी भारतीय वायु सेना के Su-30-Mk-I विमान ने की।

## जिला स्तरीय श्री राम जन्मोत्सव मानिकपुर धनगांव में हर्षोल्लास के साथ मना

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मानिकपुर धनगांव में निषाद समाज द्वारा जिला स्तरीय श्री राम जन्म उत्सव बड़े ही



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें अतिथि के रूप में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद,कांति भंडारी, राम कुमार साहू,लक्ष्मी नारायण साहू,ओम प्रकाश पड़ोती,देव पेंन्द्रो सहित समाज प्रमुख अतिथि के रूप मे शामिल हुए। विधायक भोलाराम साहू एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा भगवान श्री रामचंद्र जी का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तत्पश्चात आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, शाल , गुलदस्ता भेंटकर स्वागत सम्मान किया। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं प्रदेशवासियों को राम जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा हिंदू धर्म में श्री राम की व्यापक तौर पर आराधना करते हैं भगवान विष्णु का मनुष्य अवतार था जो त्रेता युग में पृथ्वी पर अवतरित हुए ।

## डिलापहरी में जस गायन व झांकी प्रतियोगिता कल से

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम डिलापहरी में जय अंबे व राधा कृष्ण युवा उत्सव समिति और ग्रामवासियों के तत्वाधान में 20 अप्रैल से दो दिवसीय देवी जस गायन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष कपिल वर्मा व उपाध्यक्ष प्रवेश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का यह दसवां वर्ष है। इस बार जस व झांकी वर्ग में आकर्षक पुरस्कार रखा गया है। झांकी वर्ग में प्रथम छह विजेता मंडली को 5001, 4001, 3001, 2001 व 701 रुपये और रचना में पुरुष वर्ग के लिए पहले छह विजेता मंडली को 2501, 2001, 1501, 1001, 701, 501 रुपये नकद और महिला वर्ग के छह विजेता मंडली को 2001, 1501, 1101, 801, 701 व 501 रुपये नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा झांकी वर्ग के लिए 901 रुपये व रचना के लिए 651 रुपये सदाबहार राशि का आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है। वहीं दुर्गा, काली, राक्षस, अनुशासन, गायक, वादन, वेशभूषा व बघवा के लिए भी नकद राशि की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्रथम व अंतिम मंचस्थ मंडली को भी पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि इसी तारीख में ग्राम बासुला, पादुमतरा, डूमरडीह कला, गातापार खुर्द, खपरीखुर्द में भी जस व झांकी प्रतियोगिता रखी गई है।

## नक्सलियों को शहीद बताने वाले सवाल पर भड़की सुप्रिया श्रीनेत, पत्रकार को नसीहत देते हुए कहा- आपने मेरा पूरा बयान सुना है या नहीं

**रायपुर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा और कांग्रेस की योजना को लेकर जानकारी दी. वहीं नक्सलियों को शहीद बताने को लेकर सुप्रिया के दिए गए बयान पर पत्रकारों ने सवाल किया तो वह भड़क गईं और नसीहत देते हुए बोलीं आपने मेरा पूरा बयान सुना या नहीं सुना नहीं पता. आपने वीडियो को पूरा नहीं देखा है देखो, आप वीडियो को सुनते तो ऐसे सवाल नहीं करते. भाजपा काट छांटकर बयान चलाती है. दरअसल, मंगलवार को कांकेर में पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने मुठभेड़ में 29 नक?सलियों को ढेर किया. इस मुठभेड़ के बाद सुप्रिया श्रीनेत का बयान सोशल मीडिया में काफी वायरल हुआ. जिसमें उन्होंने नक्सलियों को शहीद बताया था. इसको लेकर भाजपा ने बड़ा मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया. वहीं आज जब सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया तो उनसे नक्सलियों को शहीद बताने पर पत्रकारों ने सवाल किया तो वो भड़क गईं. उन्होंने ऊंची आवाज में भड़कते हुए पत्रकार को नसीहत दी कि आपने मेरा पूरा बयान सुना या नहीं सुना, नहीं पता. आपने वीडियो को मतलब पुरे से नहीं देखा है देखो. आप वीडियो को सुनते तो ऐसे सवाल नहीं करते. ऐसे में कोई बात नहीं बोलती हूं जिसको लेकर मुझे




लीपापोती करना पड़े. उन्होंने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक बच्चे ने मुझसे पूछा, मेरी जानकारी में एक जवान शहीद होने की थी उनके प्रति मेरी संवेदना है. इस सवाल से मैं आहत हूं, दुखी हूं. आप उस कांग्रेस पार्टी से ऐसे सवाल कर रहे हैं जिसके पूरा शीर्ष व्यक्तित्व का सफाया करने का काम नक्सलियों ने 2013 में झीरम कांड में किया था. हम भूले नहीं हैं, बस्तर टाइगर नंद कुमार, विद्याचरण शुक्ल को इन नक्सलियों के हाथ दर्दनाक मौत झेलनी पड़ी थी. आप लोगों से कभी भी ऐसा सवाल कांग्रेस से नहीं पूछना चाहिए. हमने अपने पूर्व प्रधानमंत्री हिंसा आतंक से खोया है. उन्होंने बीजेपी पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी काट छांटकर बयान चलाती है. यह दो कौड़ी के टुच्ची हरकत है. भाजपा ने बयान को इधर से काट दिया उधर से काट दिया है. सुप्रिया श्रीनेत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश के युवा बेरोजगार है, दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया गया था. अग्निवीर को उखाड़ फेंकेंगे इसे देश की रक्षा नहीं हो सकती है. नारी सुरक्षा को लेकर कहा हर जगह बीजेपी को लोग दोषी पाए गए कैसे महिला सुरक्षित रहेगी. खेती को जीएसटी से दूर रखेंगे. समाजिक सुरक्षा पर कानून लाएंगे. उन्होंगे आगे कहा कि 10 साल बाद प्रचंड बहुमत की सरकार बनने के बाद एक बार फिर चुनाव आया है. महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दे हैं. भारत जोड़ो यात्रा के दौरान इन मुद्दे को उठाने का भरकस प्रयास किया गया. देश में हर एक घंटे में 2 युवा सुसाइड कर रहा है. पीएम मोदी जब लोगों के बीच जाएंगे तो अपना कार्ड दिखाएंगे. म से महिला , म से मणिपुर, म से महंगाई अभी तक पीएम मोदी मणिपुर नहीं गए.10 साल में बड़ी-बड़ी समस्याएं बढ़ी जिसका निवारण करने के लिए शुरुआत कांग्रेस करने जा रही है.

## युगांतर के मानविक राज्य स्तरीय कराटे में प्रथम



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के मानविक सेठिया ने राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में प्रथम आकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता दिशा पब्लिक स्कूल रायपुर में 13 अप्रैल से 14 तक आयोजित हुई, जिसमें रायपुर के अलावा राजनांदगाँव, भिलाई, दुर्ग और राज्य के अन्य जिलों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि मानविक ने अध्ययन के साथ साथ कराटे के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने माता-पिता का गौरवान्वित किया है। उक्त छात्र ने कराटे के अन्तर्गत कुमाटे फाइटिंग में शानदार प्रदर्शन करके अंडर-6 आयु वर्ग में गोल्ड मैडल प्राप्त किया । संस्था के प्राचार्य डॉ मधु पोनुगोटी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स तथा स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, कराटे प्रशिक्षक टुकेश्वर चंद्राकर, प्राइमरी के सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, कक्षा शिक्षक परमजीत ठाकुर सहित युगांतर परिवार ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## 105 वर्षीय सेनानी साहू ने किया घर पर मतदान



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के योजना के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में बुर्जोगो को घर पर वोट करने की सुविधा इस बार भी मिली रही है इसी सिलसिले में बूथ 176 रामपुर निवासी मोहभट्ठा 105 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदाराम साहू ने भी घर पर ही वोट डाला द्य इसके लिए नायब तहसीलदार आकांक्षा साहू ,नायब तहसीलदार वसीम सिद्धकी, पटवारी किशोर वाकड़े, विजय साहू ,किशोर यादव , घनश्याम यादव , दिनेश साहू, रितेश सिन्हा उपस्थित रहे।साथ ही जिले की टीम पोस्टल बैलेट और बॉक्स के साथ घर पर पहुंची और मतदान प्रक्रिया पूर्ण की। सेनानी श्री साहू ने यह संदेश भी दिया कि सभी को इस चुनाव त्योहार में जरूर भाग लेना चाहिए सबको मतदान करना चाहिए।

## कृषि विश्व विद्यालय का बी.टेक. (खाद्य प्रौद्योगिकी) 4 वर्षीय पाठ्यक्रम- एक नया अवसर

**रायपुर।** विगत कुछ वर्षो में खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित उपक्रम एक बड़े एवं विस्तृत रूप में सामने आये हैं। सर्वेक्षण के द्वारा यह मालूम किया गया है कि प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होने से एवं बदलते समय के अनुसार व्यस्त जिंदगी में शहरी लोगों की जीवन शैली में प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की मांग में लगातार बढोत्तरी हो रही है। इस प्रकार की स्थिति से हमारा प्रदेश भी अछुता नहीं है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में विभिन्न फसलों की, सब्जियों की, फलों की एवं लघु अनाज एवं वनोपज की प्रचुरता को देखते हुए इस प्रदेश में भी खाद्य प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रसंस्करण की तकनीकों का उपयोग करते हुए अनेक प्रकार के डब्बा बंद, प्रसंस्कृत उत्पाद, इंस्टेंट/रेडी-टू-इट प्रकार के खाद्य व्यंजनों का निर्माण आसानी से किया जा सकता हैं। समय की कमी से लोग आज-कल डब्बा बंद, प्रसंस्कृत उत्पाद, इंस्टेंट/रेडी-टू-इट प्रकार के खाद्य व्यंजनों को वरीयता दे रहें हैं। फसल और फल सब्जियों का उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा हैं एवं उनकी खपत उस मौसम में न होने के कारण अधिकांश समय कृषकों को हानी की संभावना होती हैं। ऐसी स्थिति से बचने के लिये इन फसलों, फल, सब्जियों में खाद्य प्रौद्योगिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण की तकनीकों का उपयोग करके इनसे मुल्यवर्धित उत्पादों का निर्माण किया जा सकता हैं, जिसे की गैर मौसमी समयकाल में आसानी से उपयोग किया जा सकता है एवं ऐसा करने से कृषक समुदाय को आर्थिक लाभ आवश्यक रूप से प्राप्त होगा। इन फसलों से मूल्यवर्धित पदार्थ बनाने से प्रदेश के किसानों, युवाओं, महिला स्व सहायता समूहों को रोजगार प्राप्त करने में भी आसानी होगी। इसका आशय यह है कि खाद्य प्रौद्योगिकी आधारित प्रसंस्करण के कार्य भविष्य के लिये अत्यंत उपयोगी हैं एवं इस क्षेत्र के बहुमुखी विकास हेतु मानव संसाधन का विकास करना अति आवश्यक हैं। अन्य प्रदेशों ने इस विषय की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने प्रदेशों जैसे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, कर्नाटका, तमिलनाडु, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश आदि प्रदेशों में या तो अनुसंधान के केन्द्र प्रारंभ किये गये या बी.टेक. (खाद्य प्रौद्योगिकी) के शैक्षणिक संस्थान प्रारंभ किये



गये। छत्तीसगढ प्रदेश में भी खाद्य प्रौद्योगिकी के महत्व को स्वीकार करते हुए प्रदेश शासन ने इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय के अंतर्गत खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, रायपुर में वर्ष 2020 से प्रारंभ किया हैं एवं इस 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के पश्चात बी.टेक. (फुड टेक्नालॉजी) की उपाधि प्रदान की जावेगी। इसका सिलेबस भारतीय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित हैं। इस बी. टेक. (फुड टेक्नालाजी) कोर्स की 36 सीटों में प्रवेश हेतु विद्यार्थी को गणित, भौतिक, रसायन विषय के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य हैं तथा व्यापमं छत्तीसगढ द्वारा आयोजित पीईटी की परीक्षा में प्रावीणता के आधार पर प्रवेश दिया जाता हैं। वर्ष 2024-25 में इस पाठ्यक्रम में प्रवेश का विज्ञापन शीघ्र ही जारी किया जावेगा एवं अधिक जानकारी हेतु 222.द्बद्द्म1.ड्डष्.द्बठ्ठ का भ्रमण करें। प्रवेश संबंधित जानकारी हेतु 94255-25249 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं। इस 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को खाद्य अभियांत्रिकी, खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य रसायन, खाद्य माइक्रोबायोलाजी, खाद्य व्यापार प्रबंधन, खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता जांच से संबंधित विषयों को महत्व के अनुसार शिक्षण एवं प्रायोगिक कार्य हेतु अलग-अलग घंटे निर्धारित किये गये हैं। अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को खाद्य प्रौद्योगिकी से संबंधित संस्थानों-केन्द्रों-इंडस्टीज जैसे बेकरी उद्योग, रेडी-टू-ईट फूड, विभिन्न प्रकार के बेवरेजेज, खाद्यान्नों की पिसाई यूनिट, खाद्य तेल से संबंधित उद्योग, फल और सब्जी के विभिन्न मुल्यवर्धित पदार्थ तथा इनकी पैकेजिंग, दूग्ध एवं दुग्ध-निर्मित उत्पाद, अनाज प्रसंस्करण, कन्फेक्शनरी, चॉकलेट, सोया-निर्मित उत्पाद, नमकीन, स्नैक्स, चिप्स, बिस्कुट, तरह-तरह के मसाला उद्योग में प्रशिक्षण हेतु अनुलग्न किया जावेगा एवं संतोषजनक प्रशिक्षण के पश्चात विद्यार्थी उपाधी हेतु योग्य होगा। बी.टेक (फुड टेक्नालॉजी) स्नातक खाद्य प्रसंस्करण-खाद्य प्रौद्योगिकी संबंधित क्षेत्र के शासकीय-निजी संस्थान-उपक्रम में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं तथा देश-विदेश के अनेक विश्व विद्यालयों-संस्थानों में उच्च अध्ययन हेतु प्रवेश ले सकते हैं।

## ज्ञान मंथन

*1) होली के अगले दिन कौन-सा त्यौहार मनाया जाता है, जो आनंदपुर साहिब में आयोजित छद्मयुद्ध में भाग लेने के लिए हजारों निहंगों को अपनी ओर आकर्षित करता है?*

*2) वह प्रथम व्यक्ति कौन था, जिसने वर्ष 1965 में माउंट एवरेस्ट पर दो बार चढ़ाई की?*

*3) सूर्य ग्रहण के समय सूर्य का कौन-सा भाग दिखाई देता है?*

*4) अनुच्छेद 9, 10, 11 किससे संबंधित है?*

*5) उड़ने वाली छिपकली का नाम बताइए?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

*(1) होला मोहल्ला (2) नवांग गोंबू (3) किरीट (4) नागरिकता (5) ड्रैको*

# बालोद पुलिस को मिली सफलता कोरगुड़ा हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## बालोद पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, घटना में प्रयुक्त हसिया (हथियार) जप्त, गांव का ही निकला आरोपी

**बालोद।** बालोद पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता प्राप्त की। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज द्वारा चलाये जा रहे त्रिनयन (कैमरा जोड़ो) एप के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने में मिली सफलता। बता दें कि हत्या का आरोपी ग्राम कोरगुड़ा का ही निकला। घटना में प्रयुक्त हथियार हसिया हुआ बरामद। थाना बालोद क्षेत्र में ग्राम कोरगुड़ा में हुई थी फगुवा राम देवांगन की हत्या। जिसे बालोद पुलिस ने सुलझा लिया है जिसमे मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी भारत लाल देवांगन निवासी ग्राम कोरगुड़ा थाना बालोद ने दिनांक 12 अप्रेल 2024 को थाना बालोद आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसके पिता फगुवा राम देवांगन की लाश मृत अवस्था में अपने ही खेत में पड़ी है।

जिसकी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बालोद में अपराध क्रमांक 221/2024 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी के पर्यवेक्षण में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी बालोद व सायबर सेल प्रभारी बालोद एवं थाना बालोद और सायबर सेल की टीम के द्वारा ग्राम कोरगुड़ा में जाकर घटना स्थल की सूक्ष्मता से निरीक्षण कर विशेष संसूचना एवं डॉग स्क्वाड, फिंगर प्रिंट टीम, तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से महत्वपूर्ण मास्टर प्लान तैयार किया गया। जिसके बाद टीम के द्वारा अलग अलग क्षेत्रो में जाकर घटना की सम्पूर्ण



जानकारी एवं अज्ञात आरोपी के संबध में गांव मे लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर घटना के संबध में जानकारी प्राप्त की गई। टीम द्वारा गांव में कैम्प कर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना के बाद से गांव का एक युवक गायब है उसकी जानकारी लेने पर वह पूर्व में भी किसी महिला पर हसिये से वार का प्रयास कर चुका है और कई बार अपने घर वालों को भी हसिया, टंगिया लेकर दौड़ा चुका है। जिसकी जानकारी पर टीम द्वारा उसकी पतासाजी किया जा रहा था। लगातार संदेही के संबध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा था कि मुखबिर से सूचना मिला कि संदेही टिकेश तुमरेकी कोण्डागांव में अपने रिश्तेदार के यहां छिपा है कि सूचना पर तत्काल टीम को कोण्डागांव रवाना किया गया। जिसके बाद टीम के वहां पहुंचने के बाद संदेही टिकेश तुमरेकी को घेरा बंदी कर पकड़कर बालोद लाया गया। थाना बालोद के अपराध क्रमांक 221/2024 धारा 302 भादवि के अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु थाना बालोद एवं सायबर सेल से विषेष टीम गठित किया गया था। विशेष टीम द्वारा घटना के 05 दिवस लगातार गांव में कैम्प कर संसूचना के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर अंधे कत्ल के प्रकरण को सुलझाने व आरोपी टिकेश तुमरेकी को कोण्डागांव से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। संदेही टिकेश तुमरेकी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने कथन में बताया गया कि वह सुबह अपने घर से गांव के खेत तरफ गया था। जहां खेत में फगुवाराम देवांगन अपने खेत से धान का पैरा लेकर आ रहा था कि दोनो में आपसी बहस हुई जिससे संदेही टिकेश तुमरेकी आवेश में अपने पास रखे हसिये से मृतक फगुवाराम देवांगन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे मृतक फगुवाराम देवांगन की घटना स्थल पर हि मौत हो गई। आरोपी टिकेश तुमरेकी के निशानदेही पर ग्राम कोरगुड़ा जाकर उसके बताये जगह से घटना में प्रयुक्त हसिया बरामद किया गया है। आरोपी को आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिंमाड पर भेजा जा रहा है। बालोद पुलिस ने आरोपी के नाम टिकेश तुमरेकी पिता देवीलाल तुमरेकी उम्र 21 वर्ष पता- वार्ड 13 ग्राम कोरगुड़ा थाना बालोद, जिला बालोद का रहने वाला बताया है। अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने व आरोपी की गिरफ्तारी में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक जोगेन्द्र साहू, सउनि धरम भूआर्य, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, विवेक शाही, आरक्षक भोप सिंह साहू, राहुल मनहरे, आकाश सोनी, आकाश दुबे, विपिन गुप्ता, संदीप यादव, पूरन देवांगन, बनवाली साहू, रवि साहू, मनीष ठाकुर, रवि गंधर्व की सराहनीय भूमिका रही है वही तकनीकी टीम में प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेन्द्र, आरक्षक मिथलेष यादव, योगेश पटेल तथा गुलझारी साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## चन्द्रहास और हर्ष समाजसेवक संघ के अध्यक्ष बने

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समाज सेवक संघ के जिला अध्यक्ष समाजसेवी श्री भीमा साहू ने बोरी में चन्द्रहास देवांगन और गठुला में श्री हर्ष साहू को ग्राम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर अध्यक्ष श्री संजीव सिंघल एवं प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नैमिन देशमुख ने प्रसन्नता व्यक्त की है। चन्द्रहास और हर्ष को दुर्ग संभाग अध्यक्ष समाजसेविका इंजीनियर कुमारी स्वाती देवांगन, केसीजी जिले की अध्यक्ष कुमारी दिव्या वर्मा, बालोद जिले की अध्यक्ष कुमारी भुवनेश्वरी साहू एवं प्रियांशु सिंघल, पसौद की अध्यक्ष कुमारी हिमलेश्वरी ठाकुर, सुरसुली की अध्यक्ष कुमारी भूमिका साहू, नाहंदा का अध्यक्ष कुमारी वंदना सिन्हा, राजनांदगांव जिले के महासचिव भूवाल प्रसाद लिल्हारे, तारिक ललानी, उपाध्यक्ष कुमारी निशी ध्रुव, सचिव मधु फाफा, सचिव कुमारी पूर्वी साहू, कुमारी प्राची शर्मा, कुमारी करिना धनकर, मुंदगांव की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती वर्मा, नवागांव मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अमीत पटेल, सुरगी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, मुढ़ीपार स्टेशन के अध्यक्ष अश्विनी पटेल, कोटरासरार की अध्यक्ष ममता मैथिल, अमलीडीही के अध्यक्ष गिरीश साहू, इंदामरा की अध्यक्ष कुमारी रुपा कंवर, डोंगरगांव की अध्यक्ष श्रीमती रोहिनी पटेल, जिला सचिव कुमारी पायल यादव, ठाकुरटोला के अध्यक्ष अभिजीत सरकार, ककरेल के अध्यक्ष महेन्द्र बघेल, रीवागहन के अध्यक्ष मोतीलाल रावटे, घोरदा के अध्यक्ष मनोज भट्टाचार्य, तुमड़ीलेवा की अध्यक्ष कुमारी बबिता लहरे, फरहद (सोमनी) के अध्यक्ष विजय निषाद, पारीकला के अध्यक्ष आकाश यादव, भाठागांव के अध्यक्ष दिनेश पटेल, टेड़ेसरा अध्यक्ष दौलत राम साहू ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।





## शिक्षाविद अमित उत्तलवार ने जेएलएम गायत्री विद्यापीठ के प्रभारी प्राचार्य का पद दायित्व ग्रहण किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आचार्य पं.श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के आशीर्वाद से सिंचित जेएलएम गायत्री विद्यापीठ, केशर नगर में संस्था के प्रभारी प्राचार्य के पद पर नगर के प्रख्यात शिक्षाविद श्री अमित उत्तलवार सर का पदग्रहण समारोह संस्था के वरिष्ठ शिक्षकों श्री प्रणव दवे, श्री आशीष शर्मा, श्री अखिलेश मिश्रा, श्री तरनजीत सिंग टूटेजा, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर आदि की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। ध्यातव्य है कि श्री अमित उत्तलवार विगत 25 वर्षों से गणित के विषय विशेषज्ञ के रूप में राजनांदगांव शहर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में अपनी सेवाएं दे चुके हैं साथ ही बच्चों के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में भी उनका योगदान अतुलनीय रहा है। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकांत चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा तथा अन्य सदस्यों ने श्री अमित उत्तलवार को शुभकामनाएं प्रेषित की है।



# सोजल एवं रितिक प्रथम









**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धामनसरा में कक्षा 9वीं तथा 11वी वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित प्रचार्य अजय मसीह तथा परीक्षा प्रभारी संजीव शर्मा ने घोषित किया कक्षा नौवीं में सोजल साहू 84त्न5 प्रथम दीक्षा साहू 81त्न8 द्वितीय दुर्गेशवरी वैष्णव 80त्न तृतीय स्थान रहा कक्षा नौवीं में 140 छात्र छात्राओं रहा जिसमें 104 उत्तीर्ण पूरक 18 अनुत्तीर्ण 18 कक्षा ग्यारहवीं में रितिक प्रथम कुंदन पवार द्वितीय उर्वशी चंदाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा ग्यारहवीं में कुल 84 छात्र छात्राओं मे उत्तीर्ण 60 पूरक 16 अनुत्तीर्ण 8 छात्र छात्राओं रहा कक्षा शिक्षक धनंजय साकुरे सतीष गुप्ता संतोष कुमार देशमुख संतोष कुमार ठाकुर सुभाष साहू नेहा श्री वास्तव तेजेश्वरी साहू स्वाती शुक्ला प्रीतम साहू वर्षा श्रीवास्तव रंजनी साहु विजय साहु पूर्व जनपद सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव सरपंच लोकेश गंगवीर छात्र छात्राओं उपस्थित रहा सभी उत्तीर्ण शुभकामनाएं दी तथा पूरक अनुत्तीर्ण छात्र छात्राओं कड़ी मेहनत करने सलाह दिया।

## ईव्हीएम कमीशनिंग का कार्य प्रारंभ

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्र.06 राजनांदगांव जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु जिला मुख्यालय मोहला में स्थित शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला स्ट्रांग रूम में ईव्हीएम की कमीशनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई गई है। कमीशनिंग की यह प्रक्रिया दो दिन तक चलेगी। सम्पूर्ण कमीशनिंग प्रक्रिया सभी राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि, कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंन्द्रों में जाने वाली ईव्हीएम मशीनों में अभ्यर्थियों की प्रतीक चिन्ह के साथ नाम वाली पर्ची को संलग्न करने, मशीन में टैग लगाने, मॉकपोल, वीवीपैट को सावधानीपूर्वक सीलबंद करने, इसके साथ ही ईव्हीएम नंबर, बीयू, सीयू नंबर, उनके बैटरी नंबर, वीवीपैट नंबर, आदि जांच कर कमीशनिंग कार्य पूर्ण किया जा रहा हैं।

# शत-प्रतिशत मतदान से लोकतंत्र एवं देश होगा मजबूत - कलेक्टर

## कलेक्टर ने मतदान करने की अपील की, इंडस्ट्रियल एरिया ममता नगर में स्वीप कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने उद्देश्य से स्वीप अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के लिए शिक्षित एवं जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज यहां जिला मुख्यालय स्थित इंडस्ट्रियल एरिया ममता नगर में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि विगत विधानसभा निर्वाचन में जिले में मतदान का प्रतिशत अधिक रहा है। सामान्य रूप में लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदान का प्रतिशत कम हो जाता है। इसे बढ़ाने के उद्देश्य से हम सभी को समन्वित प्रयास करना है। सभी के समन्वित प्रयासों से लोकसभा निर्वाचन में विधानसभा की अपेक्षा इससे अधिक मतदान होना चाहिए। उन्होंने



कहा कि सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने यूनिट में काम करने वाले श्रमिकों एवं अन्य कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें और शत-प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करें। मताधिकार आपका अपना अधिकार है और इसका प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि हम जितना अधिक मतदान करेंगे, उतना अधिक हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा और देश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस 26 अप्रैल 2024 को अपने-अपने मतदान केन्द्र पहुंचे, अपने मतदान का प्रयोग करें, स्वयं के साथ-साथ परिवार के सभी सदस्यों से मतदान कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि सब लोग अपने आस-पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। आपका यह छोटा सा प्रयास लोकतंत्र में जिम्मेदारी निभाने के साथ आपकी सहभागिता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कलेक्टर ने इस अवसर पर सभी को मतदान करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्राय: यह देखा जाता है कि जहां पर भी औद्योगिक क्षेत्र होते हैं, वहां मतदान का प्रतिशत अपेक्षा अनुरूप कम होता है। मतदान दिवस को मतदान करने के लिए अवकाश मिलता है। इसका उपयोग करते हुए अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करें। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि उद्योग जगत अपने-अपने क्षेत्र के लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए आग्रह करें और आवश्यकता पडने पर उन्हें पत्र भी लिखें। उन्होंने उद्योग एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों से अपने कामगारों को मतदान के लिए जागरूक करने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आज आईबी ग्रुप के कॉर्पोरेट कार्यालय में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां एबीस समूह के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री संग वर्गीस, उद्योग एसोसिएशन के पदाधिकारी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अंतर्गत चार दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज प्रथम दिवस की शुरुआत वीर संदेश यात्रा (स्थान- वर्धमान कम्यूनिटी हॉल ) वर्धमान श्री संघ के नेतृत्व में सैकड़ों साधार्मिकों की उपस्तिथि में धूम-धाम से संपन्न हुई , तत्पश्चात वीर प्रसादम ( स्थान- आशा नगर ) एवं शरबत वितरण ( स्थान- तेरापंथ भवन ) का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया ,, तत्पश्चात वीर को जाना वीर को पहचाना शीर्षक के तहत ड्राइंग , रंगोली एवं डुएट कविता प्रतियोगिताएं नीलेश लोढा एवं ऋषभ नहाटा के निर्देशन में किरण कांकरिया, रोशनी कांकरिया, जयश्री छाजेड एवं पूर्वी जैन के संयोजन में विशिष्ठ अतिथियों सकल जैन श्रीसंघ के अध्यक्ष श्री मनोज जी बैद, समाज सेवक श्री सुशील जी छाजेड़ , श्री ललित जी भंसाली , श्री राजेंद्र जी सुराणा एवं श्री राजेंद्र जी बाफना के आथित्य में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ जिसके निर्णायक श्रीमती नीलू जी गोलछा, श्रीमती सरोज जी गोलछा एवं सेजल जी गांधी थे , 8-12 वर्ष - ग्रुप 1 13-18 वर्ष - ग्रुप 2 18 वर्ष से ऊपर - ग्रुप 3 ड्राइंग कॉम्पिशन में ग्रुप 1 में समृद्धि जैन ने प्रथम एवं यशिका पारख ने द्वितीय ग्रुप 2 में मिनल जैन ने प्रथम एवं राशि कोटडिया ने द्वितीय ग्रुप 3 में यशा जैन ने प्रथम एवं विनती पारख ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया रंगोली कॉम्पिटीशन में ग्रुप 1 में समीक्षा जैन ने प्रथम एवं नव्या जैन ने द्वितीय स्थान ग्रुप 3 में भावना चोपड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## *धर्म समाचार....*

# 19 अप्रैल को एकादशी का योग : मनोकामनाओं को पूरा करता है कामदा एकादशी व्रत

शुक्रवार, 19 अप्रैल को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी है, इसे कामदा एकादशी कहते हैं। ये व्रत भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करता है, ऐसी मान्यता है। इसी वजह से इसे कामदा एकादशी कहा जाता है। शुक्र और एकादशी के योग में व्रत-उपवास, भगवान विष्णु और लक्ष्मी जी के साथ ही शुक्र ग्रह की भी विशेष पूजा करनी चाहिए। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, शुक्रवार और एकादशी के योग में विष्णु जी के साथ ही शुक्र की पूजा जरूर करें। विष्णु पूजा में मंत्र ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करते रहें। विष्णु जी की पूजा के बाद शुक्र ग्रह की पूजा करें और मंत्र ऊँ द्रां द्रीं द्रौं स: शुक्राय नम: का जप करें। एकादशी पर भगवान विष्णु और उनके अवतारों से जुड़े ग्रंथों का पाठ करें। श्रीकृष्ण, श्रीराम की कथाएं पढ़ें-सुनें। किसी संत के प्रवचन सुन सकते हैं। कृं कृष्णाय नम:, रां रामाय




नम: और श्रीराम, श्रीकृष्ण के नामों का भी जप कर सकते हैं। मंत्र जप कम से कम 108 बार करें। दिन की शुरुआत सूर्य पूजा से करेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद तांबे के लोटे से सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करें। ऊँ सूर्याय नम: मंत्र का जप करें। ध्यान रखें भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण को तुलसी के बिना भोग नहीं लगाना चाहिए। तुलसी के बिना इनकी पूजा पूरी नहीं होती है। तुलसी के साथ विष्णु जी के स्वरूप शालीग्राम की पूजा कर सकते हैं। एकादशी की सुबह तुलसी को जल चढ़ाएं। शाम को सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास दीपक जलाएं और परिक्रमा करें।

**ये है एकादशी व्रत करने की सरल विधि**

जो लोग एकादशी पर व्रत करते हैं, उन्हें दिनभर अन्न का सेवन नहीं करना चाहिए। दिनभर भगवान का ध्यान करें। जिन लोगों के लिए भूखे रहना संभव नहीं है, उन्हों फलों का रस, दूध और मौसमी फलों का सेवन करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों को फलाहार का दान करें। एकादशी की सुबह-शाम विष्णु जी की पूजा करें। अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर सुबह विष्णु पूजा करें। जरूरतमंद लोगों को भोजन कराएं, इसके बाद व्रत करने वाले भक्त को भोजन करना चाहिए। इस तरह एकादशी व्रत पूरा होता है।

## कामदा एकादशी 19 अप्रैल को: सबसे पहले वशिष्ठ मुनि ने राजा दिलीप को फिर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया था इस व्रत के बारे में

19 अप्रैल, शुक्रवार को कामदा एकादशी व्रत किया जाएगा। ये नए संवत्सर की पहली एकादशी होती है। मान्यता है इस एकादशी का व्रत करने से मनोकामनाएं पूरी होती है, इसलिए इसे कामदा नाम दिया गया है। पंडितों का कहना है कि कामदा एकादशी का व्रत जिस कामना से किया जाता है। वो पूरी होती है और पारिवारिक समस्याएं भी खत्म हो जाती हैं। नारद और विष्णु पुराण के मुताबिक, कामदा एकादशी व्रत के पुण्य से पाप खत्म हो जाते हैं। ये एकादशी परेशानियों से छुटकारा देने वाली होती है। इस व्रत के प्रभाव से मनोकामनाएं भी पूरी होती है। इसी कारण इसे फलदा एकादशी भी कहा जाता है। इस एकादशी की कथा और महत्व के बारे में सबसे पहले वशिष्ठ मुनि ने सूर्यवंश के राजा दिलीप को बताया था। इसके बाद द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कामदा एकादशी के बारे में बताया था।



**पूजा विधि: भगवान का अभिषेक करें, कमल या गुलाब के फूल चढ़ाएं**

1. व्रत के एक दिन पहले एक बार खाना खाकर भगवान विष्णु का ध्यान किया जाता है। 2. एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर सूर्योदय से पहले नहाएं। 3. उगते हुए सूर्य को जल चढ़ाएं फिर पूजा स्थान या मंदिर में जाकर व्रत का संकल्प लें। 4. व्रत का संकल्प लेने के बाद तुलसी और पीपल के पेड़ में जल चढ़ाकर दीपक लगाएं। 5. भगवान विष्णु की पूजा करें। शुद्ध जल और पंचामृत से भगवान का अभिषेक करें। 6. मौली, यज्ञोपवित, चंदन, अक्षत, अबीर, गुलाल, हल्दी, फूल और तुलसी पत्र चढ़ाएं। 7. कमल, गुलाब, पारिजात या वैजयंती के फूलों से पूजा करें 8. भगवान को धूप-दीप दर्शन करवाएं और कथा सुनें। 9. मिठाई, फल का नैवेद्य लगाएं और भगवान की आरती करें। कामदा एकादशी व्रत के एक दिन पहले से ही यानी दशमी की दोपहर में जौ, गेहूं और मूंग आदि का एक बार भोजन करके भगवान की पूजा की जाती है। दूसरे दिन यानी एकादशी को सुबह जल्दी उठकर नहाने के बाद व्रत और दान का संकल्प लिया जाता है। पूजा करने के बाद कथा सुनकर श्रद्धा अनुसार दान किया जाता है। इस व्रत में नमक नहीं खाया जाता है।

क्रिकेट, हॉकी, जिम सहित सभी सामग्री उपलब्ध...
खेल सामग्री का विशाल संग्रह...
ट्रेक सूट एवं स्पोर्ट्स टी शर्ट की विभिन्न वैरायटियां उपलब्ध...
स्वाती स्पोर्ट्स
स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने, राजनांदगांव
बैट, बॉल, स्टम्प, हैड ग्लोब्स, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल, थ्रो-बॉल, नेकर, क्रिकेट पैड, जूता सहित अन्य सामग्री उपलब्ध...
चिल्हर एवं थोक विक्रेता...
मो. 88393-71971, 80856-07480

# भूपेश बघेल को राजनांदगाँव क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं - संतोष पांडे

## क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने वाले भूपेश बघेल को सबक सिखाने का समय आ गया



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संतोष पांडे ने आज राजनांदगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों का दौरा करते हुए कहा की कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को क्षेत्र में वोट मांगने का नैतिक अधिकार नहीं हैं। वे पाँच वर्षों तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहें, इस दौरान वे राजनांदगाँव क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार करते रहें। डा. रमन सिंह सरकार के दौरान विकास कार्यों के लिए भेजी गई धन राशि को उन्होंने वापस बुला लिया था और उसके बाद विकास कार्यों के लिए फूटी कौड़ी नहीं दी, विकास कार्य करना तो दूर रहा उल्टे क्षेत्र के अनेक सरकारी विभागों को दुर्ग लेकर चले गए। विकास के नाम पर पूरा क्षेत्र पाँच वर्षों तक उपेक्षित रहा। विकास के लिए तरसता व तड़पता रहा पर भूपेश बघेल के कान में जूँ नहीं रेंगी। जितना हो सकता था यहाँ के नागरिकों द्वारा डा. रमन सिंह को विधायक चुने जाने के कारण उनसे बदला लिया। अब वे किस मुंह से वोट मांग रहें हैं, ये समझ से परे हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अपने आरोपों को स्पष्ट करते हुए श्री पांडे ने आगे कहा की सेतु विकास निगम का कार्यालय यहाँ से षड्यन्त्र पूर्वक दुर्ग स्थानांतरित कर दिया गया। इसी तरह छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के कार्यालय को भी अपने गृह जिले दुर्ग ले गया तथा एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) को स्थानांतरित किया गया इतना ही नहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यालय को भी अपने पसंदीदा क्षेत्र में ले गए और तो और महुआ का प्रसंस्करण केंद्र को भी अपने निर्वाचन क्षेत्र पाटन ले जाने का असफल प्रयास किया। श्री पांडे ने अपने आरोपों की झड़ी में आगे कहा कि मध्यप्रदेश के जमाने से प्रदेश का इकलौता सरकारी मुद्रणालय राजनांदगाँव में स्थित हैं, यह यहाँ की सबसे पुरानी सरकारी संस्था थी जो पूरे प्रदेश में राजनांदगाँव की पहचान हैं इसे भी यहाँ से अन्यत्र स्थानांतरित करने का षड्यन्त्र रचा गया था किन्तु भारी विरोध के चलते यह संभव नहीं हो पाया। इसी तरह छत्तीसगढ़ क्षेत्र का गौरव खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्व विधायले जो संगीत के क्षेत्र में भारत का पहला व एशिया का दूसरा विश्व विध्यालय हैं, उसे भी यहाँ से ले जाने का कुचक्र रचा गया जो खैरागढ़ के जागरूक नागरिकों के भारी विरोध, आंदोलन व बंद के करण रुक पाया। श्री पांडे ने प्रति प्रश्न करते हुए कहा की जब श्री बघेल को इस क्षेत्र से इतनी नफरत हैं, वे यहा के विकास को लेकर घोर विरोधी रहें हैं, अपने शासनकाल में लगातार सौतेला व्यवहार करते रहें हैं, इस क्षेत्र की विकास के लिए कोई फंड उपलब्ध नहीं कराया उल्टे यहाँ विकास कार्यों के लिए आये फंड को वापस बुला लिया फिर वे किस मुंह से इस क्षेत्र की जनता से वोट मांगने आये हैं? श्री पांडे ने क्षेत्र के विकास के विरोधी ऐसे कांग्रेस प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित करने का आवाहन करते हुए कहा कि अब समय आ गया हैं जब हम अपने वोट के जरिये क्षेत्र की घोर उपेक्षा करने वाले व्यक्ति को सबक सिखाने के लिए यह आवश्यक हैं की हमसब 26 अप्रैल को कमल फूल छाप का बटन दबाए। श्री पांडे आज राजनांदगाँव



विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मण्डल के ग्राम डिलापहरी, परींकला, सोमनी, इंदावानी, कोपेडीह, बिरेझर पहुचे, अनेक ग्रामों में श्री पांडे का भावभीना स्वागत किया गया, उन्हे फूल मालाये पहनाई गई, माताओं ने मंगल तिलक लगाया और विजय का आशीर्वाद दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से नीलू शर्मा, लीलाधर साहू, विवेक साहू, रोहित चंद्राकर, अशोक देवांगन, कृष्णा तिवारी, खिलेश्वर साहू, हेमलता तिवारी, पप्पू चंद्राकर, रामबिलास साहू, हरिशंकर देशमुख, देवकुमारी साहू, पुष्पा गायकवाड़, उमा साहू, प्रभा साहू, संध्या पांडे, डा. दयालाल देशमुख, महेश साहू, मोतीलाल देवांगन, बलराम निर्मलकर, कमला खोबरागड़े, सुशील साहू, चुनेश्वर साहू, पुष्पा उइके सहित ग्रामीण मण्डल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल मोहला-मानपुर-अं.



चौकी जिले के ग्रामों में कल 19 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल प्रातः 11 बजे से ग्राम पांगरी, गोराटोला, माहुद, आतरगांव, मोहड़, बूटाकसा, खुर्सीटिकुल, दनगड़, सोमाटोला, आमाडूला, बैगाटोला, गिधाली, कुम्हली, गोटाटोला, मरारटोला, बुढ़ानकट्टा, भोलापुर, रेंगाकठेरा, विजयपुर ग्रामों में जनसंपर्क करेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे आज खैरागढ़ व कबीरधाम क्षेत्र में

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में



जनसम्पर्क अभियान के माध्यम से भाजपा के कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहें हैं। श्री पांडे कल दिनांक 19 अप्रैल शुक्रवार को अपने जनसम्पर्क अभियान को लेकर खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के साल्हेवारा मण्डल के आधा दर्जन ग्रामों में तथा इसके पश्चात कबीरधाम जिले के रेंगाखार मण्डल के डेढ़ दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ सुबह 09:30 बजे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पैलीमेटा से करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कल सुबह 09:30बजे अपने जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत पैलीमेटा में ग्रामीणजनों से मुलाकात करते हुए चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात मोहगाँव, चोभर, आमगाँव, भांजीडोगरी होते हुए कबीरधाम जिले के रेंगाखार मण्डल के ग्राम खारा, उसर्वाही, खम्हरिया, तितरी, बरबसपुर, समनापुर, झलमला, शीतलपानी, सिवनी, चिल्फी पहुचेंगे एवं जनसम्पर्क कर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे तथा आम मतदाताओं को कमल फूल छाप का बटन दबाने का आवाहन करेंगे। इस दौरान जिले व विधानसभा क्षेत्र के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उनके साथ उपस्थित रहेंगे। वे रात्रि विश्राम कवर्धा में करेंगे।

## 91 वर्ष की वृद्ध महिला ने किया मतदान

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के लिए घर बैठे मतदान करने की दी गई



सुविधा से मतदान करना कारगर साबित हो रहा है। वनांचल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र औंधी के ग्राम पंचायत सरखेड़ा के 91 वर्षीय वृद्ध महिला श्रीमती श्रीमती हिरई बाई ने मोबाइल यूनिट के माध्यम से मतदान किया। मतदान करने के उपरांत उत्साहित वृद्ध महिला ने कहा कि मतदान करना वास्तव में एक सुखद अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि मोबाइल यूनिट के माध्यम से मतदान करने की दी गई सुविधा से उन्होंने बिना किसी परेशानी के मतदान किया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में जाकर लंबी कतार में खड़ा होकर मतदान करना उनके जैसे उम्र के लिए बड़े परेशानी होती है। उन्होंने अपनी बहू की मदद से मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता दी है।

# रामनवमीं के शुभ अवसर पर सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा अयोध्या में राम मंदिर व भगवान राम की आकृति आकर्षक रंगोली से बनाकर महा आरती की गई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सनातन धर्म महासभा परिवार द्वारा बाला जी मंदिर गंज लाईन में भव्य आकर्षक रामलला के जन्मोत्सव व रामनवमीं के शुभ अवसर पर भव्य आकर्षक अयोध्या की राम मंदिर भगवान राम लला की मूर्ति की भव्य आकृति रंगोली के माध्यम से बनाई गयी। सनातन धर्म महासभा के छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि यह भव्य आकृति भगवान राम लला की व राम मंदिर की हमारे राजनांदगांव शहर की बिटिया पलक शर्मा पुत्री मौसमी शर्मा के द्वारा बनाई गयी। तत्पश्चात बाला जी मंदिर गंज लाईन में भगवान राम जी की महाआरती की गई। जिसमें अत्यधिक संख्या




में सनातन प्रेमियों ने महाआरती कर धर्म लाभ लिया महाआरती में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक शनिदेवधाम मंदिर के राकेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री प्रिंयक सोनी, शहर अध्यक्ष कमल साहू, बालरत्न सेवा समिति के सौरभ खण्डेलवाल,सैनिक संघ के राजेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुशमा सिंह, जिला अध्यक्ष ममता सेनी, ममता शर्मा, शहर कोषाध्यक्ष रोशनी रायचा, सचिव रंजना शर्मा, व अत्यधिक संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने धर्म लाभ लिया। छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया है कि, सनातन धर्म महासभा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ मे शुभ दिन 17 अप्रैल दिन- बुधवार को रायपुर व कोरबा,भाटापारा, बिलासपुर, में सनातन धर्म महासभा द्वारा भगवान रामजी की रामनवमीं के शुभ- अवसर पर भगवान राम जी की भव्य शोभा यात्रा धूम-धाम से निकालकर पूरे छत्तीसगढ़ में रामनवमीं मनाई गयी। उपरोक्त जानकारी मौसमी शर्मा ने दी।

# योगी जी आमसभा सागर में 21 को, संतोष पाण्डेय के पक्ष में मांगेंगे समर्थन

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** समीपस्थ ग्राम सागर(कुमरदा) में आगामी 21 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे हिंदू हृदय सम्राट उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चुनावी आमसभा किया जायेगा। इस संबंध में कुमरदा भाजपा मंडल अध्यक्ष बोधन साहू ने बताया कि पूर्व में श्री योगी डोंगरगाँव में विधानसभा चुनाव के दौरान अपने ओजस्वी और तेज तर्रार भाषण से विपक्ष में खलबली मचा दी थी। वहीं अब लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार राजनांदगांव सांसद चुनाव हेतु संतोष पाण्डेय के पक्ष में समर्थन मांगेंगे आगमन से पहले सभी सुरक्षा सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही



है। ज्ञात हो कि श्री योगी के नाम पर ही आम जनता स्वत: ही उन्हें सुनने पहुंच जाती है। ऐसे में आमजनों की सहूलियत के अनुसार व्यवस्था की जा रही है।जिसमें कार्यक्रम स्थल , हेलीपेड व पार्किंग स्थल का जायजा लेने लोकसभा संयोजक श्री मधुसुदन यादव जी पहुँचे सभा में मोहला मानपुर, खुज्जी व डोंगरगाँव विधानसभा से भारी संख्या में लोग सम्मिलित होंगे । इस दौरान जिला महामंत्री रवींद्र वैष्णव, हीरेंद्र साहू , किसुन यदु, बोधन साहू , अजय पटेल, गुलाब गोस्वामी , अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदरसाहू , नूनकरण भुआर्य, हिरदे देवांगन, संजय सिन्हा, कंशु यादव, एकांत चंद्राकर, सहित प्रशासनिक अधिकारी व विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पदुमतरा श्री राम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया रामनवमी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के पदुमतरा में श्री राम मंदिर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्री राम मंदिर



ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि मंदिर में समिति के सदस्य व ग्रामवासियों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना किया गया व उनके बाद समिति द्वारा राहगीरों व ग्रामीणों के लिए प्रसादी व पोहा व ठंडा शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान ओमप्रकाश साहू, परदेशी सोनबोइर, राकेश साहू, चंद्रकांत साहू, फटिस साहू, पवन महोबिया, राकेश गौतम, पूनम देवांगन, केशव साहू, रवि ठाकुर, कालू राम साहू, ओमकार साहू, सोनू साहू, रंजीत साहू, शत्रुहन यादव, उत्तम साहू, दुर्गा साहू, हरिकिशन सेन, सुकलाल साहू, कुंजलाल साहू, भुवन साहू, सुनील साहू, रितेश सिन्हा, विमल साहू, सुनील साहू, सहित समिति सदस्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राजनांदगांव रत्न से सम्मानित हुए डॉ डी.सी.जैन पदयात्री सेवा पंडाल बागेश्वर धाम में



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वरिष्ठ समाज सेवी 91 वर्षीय डॉ. श्री डी.सी. जैन का राजनांदगांव रत्न की उपाधि देकर श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में15 से अधिक संस्थाओं के समाजसेवियों की उपस्तिथि में सम्मान किया गया। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त सेवा समिति के सेवकों पंकज गंसा, सौरभ खण्डेलवाल, सूरज गुप्ता, मनीष यादव, योगेश साहू ने बताया की बागेश्वर धाम उत्सव भवन व मंदिर परिसर में पिछले 3 वर्षों से 6 क्वार व चैत्र नवरात्र में श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, बाल रत्न गौ सेवा समिति,दिया संगठन गायत्री परिवार द्वारा पदयात्रियों की सेवा की जा रही है, इसके साथ साथ विभिन्न धार्मिक ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं, सेवा शिविर, पुस्तकें वितरण, स्वास्थ्य शिविर भी पदयात्री सेवा में पण्डाल लगायें जाते है। नगर की अनेक सेवा भावी संस्थाए यहां अपनी सेवा देती है। इसी तारतम्य में माँ बमलेश्वरी पदयात्री सेवा पंडाल समिति द्वारा रामनवमी के दिन समाज सेवा में अपनी बहूमूल्य सेवा देने वाले संस्कारधानी के एक समाज सेवी को राजनांदगांव रत्न की उपाधि देकर सम्मान करने का निर्णय लिया। जिसके लिए इस वर्ष सभी सहयोगी संस्थाओं से परामर्श कर संस्कारधानी के 91 वर्षीय समाजसेवी, जो कि वर्तमान में भी इस उम्र में समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण और सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वरिष्ठ समाजसेवी सम्माननीय डॉ श्री डी.सी. जैन को यह सम्मान, मुख्य अतिथिगण, श्री सूर्यकांत चितलांग्या (ट्रस्टी गायत्री परिवार) श्री मन्नूमल मोटलानी (अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत), श्री मनोज बैद (अध्यक्ष सकलजैन समाज), श्री राजा माखीजा (समाज सेवी) श्री हरजीत सिंह भाटिया (वरिष्ठ नागरिक संघ)तथा विशिष्ट अतिथि श्री गुरूमुखदास वाधवा (अध्यक्ष बढ़ते कदम), श्री आत्माराम कोशा (साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार), श्री रमेश भोजवानी (योग वेदांत समिति), श्री गिरीश ठक्कर (कवि,लेखक), श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री भागचंद गिड़ीया, (समाज सेवी) श्री राकेश ठाकुर (शनिधाम), श्री राजेश शर्मा (पूर्व सैनिक संघ) व अध्यक्षता श्री रामावतार जोशी, श्री सोहन लाल गुप्ता, (संरक्षक)राहुल अग्रवाल अध्यक्ष (बालरत्न गौ सेवा समिति) व अन्य उपस्थित समाज सेवकों आयोजन समितिअध्यक्षद्वय श्री संदेश जैन, श्रीमती मधु खण्डेलवाल, उपस्थित श्री जैन के परिवारजन, नागरिकों, महिलाओं की उपस्तिथि में अतिथियों द्वारा राजनांदगांव रत्न प्रतीक चिन्ह, शॉल श्रीफल देकर प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत भारतीय परंपरानुसार तिलक लगाकर व गमछा पहनाकर किया गया। स्वागत भाषण पंकज गुप्ता द्वारा दिया गया। श्री जैन का जीवन परिचय, कार्यो, सेवाओं का पठन



श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा किया गया। अतिथिगण, श्री सूर्यकांत चितलांग्या, श्री मन्नूलाल मोटलानी, राजा माखीजा, गिरीश ठक्कर, कोमल सिंह राजपूत, द्वारा भी श्री जैन के जीवन व सेवाओं व इस उम्र में भी सेवा कार्यों में सक्रियता की सराहना व विशेषकर शिवनाथ नदी में किये गये प्रशंसनीय विकास की सभी ने तारीफकी। आयोजन में श्री कोमल सिंह राजपूत के जन्मदिवस पर सभी ने उन्हे बधाई दी। सम्मान समारोह का सफल संचालन सौरभ खण्डेलवाल व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष संदेश जैन द्वारा किया गया व नौ कन्याओं स्वरूप लगभग 40 कन्याओं को भोज व उपस्थित सभी भक्तो के द्वारा भंडारा प्रसादी ग्रहण करने के पश्चात आयोजन का समापन हुआ। उक्त जानकारी आयोजन समिति के विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, योगेश साहू द्वारा दी गई ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com